आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- भारतीय जनता पार्टी आज अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की औपचारिक घोषणा करेगा।
- अंतर–राज्यीय शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से उत्तराखंड SCERT की एक टीम द्वीपसमूह के तीन दिवसीय शैक्षणिक दौरे पर है।
- शिक्षा निदेशालय पुस्तकालयों को 'सर्वांगीण विकास का केंद्र' बनाने के लिए प्रयासरत है।
- राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत प्रातरापुर ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष, नितिन नबीन पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे। पार्टी के नेशनल रिटर्निंग अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल नितिन नबीन का नाम प्रस्तावित किया गया है। हालांकि, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा आज की जाएगी। श्री लक्ष्मण ने बताया कि नितिन नबीन के पक्ष में नामांकन पत्रों के 37 सेट प्राप्त हुए है।

<><><><><><><>

उत्तराखंड SCERT की एक टीम द्वीपसमूह के तीन दिवसीय शैक्षणिक दौरे पर है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य अंतर–राज्यीय शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करना और शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना था। इस दौरे का आयोजन उत्तराखंड की टीम को द्वीपसमूह स्थित डाइट की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देने के लिए किया गया है। दौरे के दौरान टीम ने डाइट के संकाय सदस्यों और शिक्षक प्रशिक्षुओं के साथ चर्चा की। चर्चा का मुख्य केंद्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप नवीन शिक्षण पद्धतियां, प्रभावी प्रशिक्षण प्रबंधन रणनीतियां और पाठ्यक्रम कार्यान्वयन रहा। इसके अलावा बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता पर विशेष जोर दिया गया। उत्तराखंड की टीम ने शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और विरासत को एकीकृत करने की डाइट अंडमान की पहल की सराहना की।

<><><><><><><>

विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान एनसीसी कैडेटों ने भारतीय तटरक्षक बल के एयर विंग बेस का दौरा किया। एयर विंग के दौरे के दौरान, कैडेटों को विभिन्न विमान, डोर्नियर और हेलीकॉप्टर के परिचालन की बारीकियों की जानकारी दी गई। इसके बाद कैडेटों को तटरक्षक क्षेत्र में ICGS विजित और ICGS विश्वस्त जहाजों का दौरा कराया गया, जहां उन्हें तटरक्षक जीवन, समुद्री अभियानों और उन्नत समुद्री तकनीक के बारे में बताया गया। द्वीपिका ऑडिटोरियम' में एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जहाँ कैडेटों ने चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अजय फिरोज शाह और कमांडिंग ऑफिसर जारवा के कमोडोर चेतन आर उपाध्याय के साथ बातचीत की।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग की ओर से 'नीली क्रांति' योजना के तहत मछुआरों को इनबोर्ड, आउटबोर्ड समुद्री इंजन, मछली पकड़ने के उपकरण और प्रोपेलर की खरीद पर सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इसके लिए द्वीप समूह का मछुआरा समुदाय आवेदन कर सकता है। उसके पास पंजीकृत नाव और वर्तमान वर्ष सहित पिछले 2 वर्षों से निरंतर वैध मछली पकड़ने का लाइसेंस होना चाहिए। सब्सिडी केवल 10 HP तक के इंजन के लिए ही देय होगी। इस योजना के लिए वे मछुआरे भी पात्र हैं जिनके पास पहले से मोटर चालित नाव है, लेकिन उनका इंजन 5 साल से अधिक पुराना और खराब हो चुका है। उन्हें पुराने इंजन को बदलने के लिए अधिकृत समुद्री इंजीनियर से प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। मछुआरों को केवल विशिष्ट जाल, हुक एंड लाइन, शोर सीन और फिश ट्रैप खरीदने की अनुमति दी गई है। आवेदन पत्र और विस्तृत नियम व शर्तें मत्स्य निदेशालय, मत्स्य क्षेत्रीय कार्यालयों, मत्स्य उप–केंद्रों, जिला परिषदों या पंचायत समितियों से प्राप्त की जा सकती हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र 20 फरवरी, तक अपने निकटतम मत्स्य क्षेत्रीय कार्यालय या उप–केंद्र में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की ओर से पुस्तकालयों को 'सर्वांगीण विकास का केंद्र' बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा निदेशालय के तहत वर्तमान में द्वीप समूह में 2 जिला पुस्तकालय और 18 क्षेत्रीय पुस्तकालय कार्यरत हैं। शिक्षा निदेशक ने इन पुस्तकालयों को केवल पुस्तक केंद्र न रखकर, छात्रों के सर्वांगीण विकास और आम जनता में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने वाले केंद्रों के रूप में विकसित करने पर जोर दिया है। पुस्तकालयों में बड़ी संख्या में बच्चों की किताबों का संग्रह रखा गया है, जिससे इससे शाम के समय और छुट्टियों के दौरान छात्रों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है।

पुस्तकालयों में अलग से 'आर्ट एंड क्राफ्ट' और 'चेस' कॉर्नर बनाए गए हैं। इसका उद्देश्य छात्रों को रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रखना और उनकी मोबाइल फोन पर निर्भरता को कम करना है। हर रविवार शाम को बच्चों के लिए प्रेरणादायक फिल्में दिखाई जा रही हैं। प्रत्येक जिला और क्षेत्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देने के लिए बड़े डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं। छात्रों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कला–शिल्प, वाचन और कहानी सुनाने जैसी प्रतियोगिताएं शुरू की गई हैं। छात्रों और जनता की सुविधा के लिए यह पुस्तकालय अब रविवार को भी खुले रहेंगे और साप्ताहिक अवकाश सोमवार को घोषित किया गया है। पुस्तकालय अन्य कार्य दिवसों में दिन में 11 बजे से शाम 7 बजे तक खुले रहेंगे।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत कल प्रातरापुर ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय "प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना और सतत प्रथाओं के माध्यम से घरेलू स्तर पर कचरा पृथक्करण के महत्व पर जोर देना" था। इस प्रशिक्षण में सिप्पीघाट पंचायत प्रधान ज्योति, कालीकट पंचायत प्रधान टी. यघंबरम और प्रातरापुर ब्लॉक के सभी पंचायत सचिवों ने भाग लिया। विषय विशेषज्ञ राजेश राय ने 'स्वच्छ और हरित ग्राम' के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय में तकनीकी माइग्रेशन और एस बी आई ईपे एन्क्रिप्शन अपग्रेड के कारण ई–टूरिस्ट पोर्टल कल सुबह 9 बजे से अस्थाई रूप से अनुपलब्ध रहेगा। माइग्रेशन का कार्य पूरा होने के बाद आम जनता और पर्यटकों के लिए tourism.andamannicobar.gov.in ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बुकिंग सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह के भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के दौरे के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। इस समाचार के अलावा द्वीप समाचार ने पारंपरिक मत्स्यहरण नौकाओं के मोटरीकरण हेतु अनुदान योजना के समाचार को अपने पेपर के मध्य में जगह दी है।

इंफो इंडिया ने पशुपालन और प्शु चिकित्सा विभाग द्वारा प्शु जन्म नियत्रंण के अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने के समाचार को निचले भाग में जगह दी है, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने बिल्लीग्राउंड में 21 जनवरी को एन एच–4 को लेकर चक्का जाम करने के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाई है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने डॉ. आर पी अस्पताल में डॉक्टरों और एम्बुलेंस की कमी के समाचार को जगह दी है।

<><><><><><><>